Prepp
Your Personal Exams Guide

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025

## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 10/07/2026 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 2 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 2**

**Q.1** निम्नलिखित में से किस सिंधु घाटी सभ्यता स्थल पर एक गोदी (dockyard) की खोज की गई थी?

**Ans**
- ✗ A. हड़प्पा
- ✗ B. मोहनजोदड़ो
- ✓ C. लोथल
- ✗ D. कालीबंगा

**Q.2** निम्नलिखित त्रिकों में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

**BARS - ARBS - SRAB**
**FLAM - LAFM - MALF**

**Ans**
- ✗ A. MIND - INMD - INDM
- ✗ B. BALK - ABLK - KALB
- ✓ C. KEAT - EAKT - TAEK
- ✗ D. WAST - WSAT - TSAW

**Q.3** किसी बिंब को एक लेंस के सामने 10 cm की दूरी पर रखा गया है और प्रतिबिंब, बिंब की ओर 30 cm की दूरी पर बनता है। लेंस द्वारा उत्पन्न आवर्धन कितना है?

**Ans**
- ✗ A. -3
- ✓ B. 3
- ✗ C. 0.3
- ✗ D. -0.3

**Q.4** दी गई शृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**39 52 65 78 91 ?**

**Ans**
- ✗ A. 110
- ✗ B. 117
- ✓ C. 104
- ✗ D. 99

**Q.5** L, M की माता है। M, O की माता है। O, H की बहन है। H, P की पत्नी है। P, F का पिता है। F, G की माता है। M का F से क्या संबंध है?

**Ans**
- ✓ A. माता की माता
- ✗ B. पिता की बहन
- ✗ C. बहन की पुत्री
- ✗ D. माता की बहन

**Q.6** धातु की एक शीट आयताकार है, जिसकी लंबाई 56 cm और चौड़ाई 40 cm है। प्रत्येक कोने से 10 cm भुजा वाले एक वर्ग को काटा जाता है। शेष शीट से एक बंद बॉक्स बनाया जाता है। इसमें 4.0 cm लंबाई, 2.0 cm चौड़ाई और 1.5 cm ऊँचाई वाले कितने माचिस के बॉक्स समायोजित किए जा सकते हैं?

**Ans**
- ✗ A. 550 बॉक्स
- ✗ B. 610 बॉक्स
- ✗ C. 620 बॉक्स
- ✓ D. 600 बॉक्स

**Q.7** यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा 'x' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

42 x 3 – 25 ÷ 5 + (56 x 8) ÷ 2 – 24 = ?

**Ans**
- ✗ A. 167
- ✓ B. 149
- ✗ C. 132
- ✗ D. 158

**Q.8** मार्च 2026 में, किस संगठन ने आक्रामक विदेशी प्रजातियों (invasive alien species) पर एक समिति की स्थापना की?

**Ans**
- ✓ A. राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण
- ✗ B. भारतीय वानिकी अनुसंधान परिषद
- ✗ C. पर्यावरण मंत्रालय
- ✗ D. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

**Q.9** एक निश्चित कूट में,
'wishing everyone well' को 'lh cv vd' के रूप में कूटबद्ध किया गया है,
'wishing happy days' को 'fv fz lh' के रूप में कूटबद्ध किया गया है,
'days everyone enjoy' को 'cv vm fz' के रूप में कूटबद्ध किया गया है।
(सभी कूट केवल दो-अक्षरों के कूट हैं।)

'happy everyone' के लिए संभावित कूट क्या है?

**Ans**
- ✗ A. cv fz
- ✗ B. fv lh
- ✓ C. fv cv
- ✗ D. vd fz

**Q.10** वर्ष 1885 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना का श्रेय निम्नलिखित में से किसे दिया जाता है?

**Ans**
- ✗ A. लॉर्ड रिपन (Lord Ripon)
- ✗ B. लॉर्ड कर्ज़न (Lord Curzon)
- ✓ C. एलन ऑक्टेवियन ह्यूम (Allan Octavian Hume)
- ✗ D. लॉर्ड डफरिन (Lord Dufferin)

**Q.11** $\frac{(2^4 \times 3^4 \times 5^4)}{(2^2 \times 3^2 \times 5^2)}$ को सरल कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 900
- ✗ B. 905
- ✗ C. 909
- ✗ D. 910

**Q.12** प्रत्येक 216 $cm^3$ आयतन वाले दो घनों के सिरों को जोड़ा जाता है। परिणामी घनाभ के विकर्ण की लंबाई ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $5\sqrt{2}$ cm
- ✗ B. $7\sqrt{3}$ cm
- ✓ C. $6\sqrt{6}$ cm
- ✗ D. $8\sqrt{7}$ cm

prepp Your Personal Exam Guide

**Q.13** उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों द्वारा अनुसरण किए गए समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

CF – GI – KL
MP - QS – UV

**Ans**

- ✗ A. PL – RN – TP
- ✗ B. BF – EI – HL
- ✓ C. OR – SU – WX
- ✗ D. RM – QT – PR

**Q.14** नीचे दिए गए विकल्पों में से कौन-सा, $27x^3 + 343y^3 + 189x^2y + 441xy^2$ के तुल्य है?

**Ans**

- ✗ A. $(3x + 10y)^3$
- ✗ B. $(5x + 7y)^3$
- ✗ C. $(7x + 3y)^3$
- ✓ D. $(3x + 7y)^3$

**Q.15** भारत में किस प्रकार की मृदा को उसकी नमी बनाए रखने की उच्च क्षमता के कारण पारंपरिक रूप से कपास की खेती के लिए सबसे उपयुक्त माना जाता है?

**Ans**

- ✗ A. शुष्क पश्चिमी क्षेत्रों में पाई जाने वाली मरुस्थलीय मृदा
- ✗ B. अधिक बारिश वाले क्षेत्रों में पाई जाने वाली लैटेराइट मृदा
- ✓ C. मृत्तिका और नमी से भरपूर काली मृदा
- ✗ D. हिमालयी नदियों द्वारा निक्षेपित जलोढ मृदा

**Q.16** दिए गए रैखिक समीकरणों के निकाय के अपरिमित रूप से अनेक हल हैं।

$3x + 7y = 15$
$ax + by = 30$

a और b के मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

- ✗ A. a = 7; b = 3
- ✓ B. a = 6; b = 14
- ✗ C. a = 14; b = 6
- ✗ D. a = 3; b = 7

**Q.17** दी गई शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए, प्रश्न-चिह्न (?) को निम्नलिखित में से किस अक्षर-संख्या समूह द्वारा प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए?

LTP25 MUQ36 NVR47 OWS58 ?

**Ans**

- ✗ A. PXT68
- ✗ B. PXU69
- ✗ C. PXU68
- ✓ D. PXT69

**Q.18** A किसी कार्य को 9 दिनों में पूरा कर सकता है और B उसी कार्य को 22 दिनों में पूरा कर सकता है। यदि वे 2 दिनों तक एक साथ कार्य करते हैं, तो कार्य का कितना भाग अपूर्ण रह जाएगा?

**Ans**

- ✓ A. $\frac{68}{99}$
- ✗ B. $\frac{73}{99}$
- ✗ C. $\frac{71}{99}$
- ✗ D. $\frac{76}{99}$

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.19** एक दुकानदार एक लैपटॉप को ₹40,000 में खरीदता है। वह पहले इसे 20% के लाभ पर बेचता है। बाद में, खरीदार इसे 10% की हानि पर दूसरे व्यक्ति को बेचता है। लैपटॉप का अंतिम विक्रय मूल्य कितना है?


**Ans**
- ✗ A. ₹42,000
- ✗ B. ₹48,000
- ✗ C. ₹50,000
- ✓ D. ₹43,200

**Q.20** नीचे दिए गए कथनों में से चतुर्भुजों के संबंध में सही कथनों का चयन कीजिए।

**A.** समद्विबाहु समलंब चतुर्भुज में समांतर भुजाएँ बराबर होती हैं।
**B.** पतंग एक प्रकार का समांतर चतुर्भुज है।
**C.** सभी वर्ग, समचतुर्भुज होते हैं।
**D.** किसी भी चतुर्भुज की भुजाओं के मध्य बिंदुओं को मिलाने से बना चतुर्भुज एक समलंब चतुर्भुज होता है।

**Ans**
- ✗ A. A, D
- ✗ B. A, B, D
- ✗ C. B, C
- ✓ D. केवल C

**Q.21** दी गई आकृति में, AB, CD के समांतर है और RS एक तिर्यक् छेदी रेखा है। X का मान ज्ञात कीजिए।




**Ans**
- ✗ A. 35
- ✓ B. 55
- ✗ C. 65
- ✗ D. 45

**Q.22** भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, व्यक्तियों के कल्याण को प्रभावी ढंग से बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने का प्रयास करता है?

**Ans**
- ✓ A. अनुच्छेद 38
- ✗ B. अनुच्छेद 41
- ✗ C. अनुच्छेद 40
- ✗ D. अनुच्छेद 39

**Q.23** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
- ✗ A. JOR
- ✗ B. HMP
- ✓ C. OSV
- ✗ D. DIL

**Q.24** एक वैज्ञानिक आलू के कंद (ट्यूबर) के संग्रही ऊतक में मौजूद एक पादप कोशिका को देखता है, जिसमें कई रंगहीन प्लास्टिड होते हैं। इन प्लास्टिड्स का मुख्य कार्य क्या हो सकता है?

**Ans**
- ✗ A. प्रोटीन संश्लेषण के लिए अमीनो अम्लों का उत्पादन
- ✓ B. प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से उत्पादित स्टार्च का भंडारण
- ✗ C. ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए सूर्य के प्रकाश का संग्रहण
- ✗ D. लाल और पीले वर्णकों का संश्लेषण

Your Personal Exam Guide

**Q.25** अभिकथन (A) और कारण (R) से लेबलित निम्नलिखित दो कथनों के संबंध में सही विकल्प का चयन कीजिए।

अभिकथन (A): भारत का निर्वाचन आयोग, विनिर्दिष्ट मानदंडों के आधार पर दलों को राष्ट्रीय या राज्य दलों के रूप में मान्यता देता है।
कारण (R): राजनीतिक दलों की मान्यता, चुनावी प्रदर्शन और भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित नियमों के अनुपालन पर निर्भर करती है।

**Ans**
- ✗ A. A असत्य है, R सत्य है।
- ✗ B. A सत्य है, R असत्य है।
- ✗ C. A और R दोनों सत्य हैं, लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।
- ✓ D. A और R दोनों सत्य हैं, और R, A की सही व्याख्या है।

**Q.26** दूसरी पंचवर्षीय योजना के दौरान अपनाए गए औद्योगिक नीति संकल्प (1956) का उद्देश्य निम्नलिखित में से क्या था?

**Ans**
- ✗ A. केवल उपभोक्ता वस्तुओं के उद्योगों को बढ़ावा देना
- ✗ B. भारी उद्योगों का निजीकरण
- ✓ C. समाज के समाजवादी ढांचे की स्थापना करना
- ✗ D. सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी कम करना

**Q.27** A, B, C, D, E, F, G और H एक वर्गाकार मेज के चारों ओर उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। उनमें से कुछ कोनों पर बैठे हैं जबकि कुछ भुजाओं के ठीक मध्य में बैठे हैं। B, H के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। B किसी भी भुजा के मध्य में नहीं बैठा है। E और B का निकटतम पड़ोसी F है। D, H के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। G किसी कोने पर बैठा है। C, A के दाएं से दूसरे स्थान पर बैठा है। D के बाएं से गिनती करने पर D और A के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✗ A. तीन
- ✓ B. पांच
- ✗ C. एक
- ✗ D. चार

**Q.28** इस प्रश्न में, एक प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर तय करें।

पांच, लड़कियां - गौरी, रागिनी, नव्या, काजल और लवली - एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर बैठी हैं। लवली के ठीक बाएं पड़ोस में कौन बैठा है?
(I) गौरी, लवली के ठीक दाएं पड़ोस में बैठी है। रागिनी, काजल के ठीक बाएं पड़ोस में बैठी है।
(II) नव्या, काजल के बाएं से दूसरे स्थान पर बैठी है। नव्या और लवली दोनों की निकटतम पड़ोसी गौरी है।

**Ans**
- ✓ A. प्रश्न का उत्तर देने के लिए अकेले कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त है जबकि कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है
- ✗ B. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों में दिए गए डेटा मिलकर भी पर्याप्त नहीं हैं
- ✗ C. प्रश्न का उत्तर देने के लिए कथन I और II दोनों में दिए गए डेटा मिलकर (और अकेले कथन I नहीं या अकेले कथन II नहीं) पर्याप्त हैं
- ✗ D. प्रश्न का उत्तर देने के लिए अकेले कथन I में दिया गया डेटा पर्याप्त है जबकि कथन II में दिया गया डेटा पर्याप्त नहीं है

**Q.29** 10 भुजाओं वाली आकृति के पाँच अंतःकोणों में से प्रत्येक का माप 185 डिग्री है। यदि शेष पाँच अंतः कोण बराबर हैं, तो इन पाँचों कोणों में से प्रत्येक का माप (डिग्री में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 105
- ✓ B. 103
- ✗ C. 107
- ✗ D. 101

**Q.30** निम्नलिखित में से किसे, दो अन्य अर्थशास्त्रियों के साथ संयुक्त रूप से अर्थशास्त्र में 2025 का नोबेल पुरस्कार दिया गया था?

**Ans**
- ✗ A. थॉमस पिकेटी (Thomas Piketty)
- ✗ B. पॉल क्रुगमैन (Paul Krugman)
- ✗ C. दारोन एसेमोग्लू (Daron Acemoglu)
- ✓ D. जोएल मोकिर (Joel Mokyr)

**Q.31** प्रसिद्ध उपन्यास "द गाइड (The Guide)" किस भारतीय लेखक ने लिखा था?

**Ans**
- ✗ A. राजा राव
- ✗ B. खुशवंत सिंह
- ✗ C. विक्रम सेठ
- ✓ D. आर. के. नारायण

Prep Your Personal Exam Guide

| | | |
|---|---|---|
| Q.32 | एक नए कीटनाशक से एक कृषि क्षेत्र में कीटों की संख्या कम हो जाती है। पक्षियों, पादपों और अपघटकों की भूमिकाओं को ध्यान में रखते हुए, खेत के खाद्य जाल पर पड़ने वाले सर्वाधिक संभावित प्रभाव का पूर्वानुमान कीजिए। | |
| Ans | ✔ A. शिकार कीटों में कमी के कारण पक्षियों की संख्या में गिरावट हो सकती है, जिससे ऊर्जा प्रवाह में परिवर्तन होगा<br>✘ B. पारिस्थितिकी तंत्र के सभी पोषक स्तरों में ऊर्जा प्रवाह बंद हो जाएगा<br>✘ C. परागणकारियों की कमी के कारण पौधों की संख्या में आकस्मिक रूप से गिरावट होगी<br>✘ D. अधिक मृत कार्बनिक पदार्थों के कारण अपघटकों में सार्थक रूप से वृद्धि होगी | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.33 | एक कमीज के मूल्य में 20% की वृद्धि की जाती है और फिर 20% की कमी की जाती है। मूल्य में निवल प्रतिशत परिवर्तन क्या है? | |
| Ans | ✘ A. कोई परिवर्तन नहीं<br>✔ B. 4% की कमी<br>✘ C. 0.4% की वृद्धि<br>✘ D. 8% की कमी | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.34 | वायु या मृदा से कार्बन डाइऑक्साइड जल के साथ मिलकर रासायनिक अपक्षय की प्रक्रिया में भाग लेता है, जिसे निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है? | |
| Ans | ✘ A. कार्बोलेशन (Carbolation)<br>✘ B. कार्ब्युरेशन (Carburation)<br>✘ C. कार्बोक्सिलेशन (Carboxylation)<br>✔ D. कार्बोनेशन (Carbonation) | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.35 | आपके पास एक बड़ा डेटासेट है और उसे अलग-अलग कॉलम के आधार पर बार-बार सॉर्ट करने की आवश्यकता होती है। "Sort" डायलॉग बॉक्स को बार-बार ओपन किए बिना, अलग-अलग सॉर्टिंग मानदंडों को त्वरित रूप से एक्सेस करने और उन्हें अप्लाई करने का कुशल तरीका कौन-सा है? | |
| Ans | ✘ A. प्रत्येक बार वांछित कॉलम को मैन्युअल रूप से सेलेक्ट करें और क्विक सॉर्ट (quick sort) बटन का उपयोग करें।<br>✔ B. प्रायः उपयोग होने वाले, प्रत्येक सॉर्ट ऑर्डर के लिए एक मैक्रो रिकॉर्ड करें।<br>✘ C. आप जिन कॉलम के द्वारा सॉर्ट करना चाहते हैं, उन प्रत्येक के लिए स्लाइसर (Slicer) क्रिएट करें।<br>✘ D. Quick Access Toolbar में "Sort" कमांड जोड़ें और प्रत्येक बार सॉर्ट सेटिंग्स कॉन्फिगर करें। | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.36 | एक आयताकार मैदान की माप 68.5 m x 45.6 m है। मैदान के बाहरी भाग के चारों ओर 2.4 m के एकसमान चौड़ाई का पथ बनाया जाता है। पथ के बाहरी परिमाप और मूल मैदान के परिमाप के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | ✘ A. 20 m<br>✘ B. 18.5 m<br>✔ C. 19.2 m<br>✘ D. 17 m | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.37 | कोलकाता में स्थित मार्बल पैलेस का निर्माण किसने करवाया था, जो अपने पुनर्जागरणकालीन कला संग्रह और नवशास्त्रीय वास्तुकला के लिए प्रसिद्ध एक भव्य हवेली है? | |
| Ans | ✔ A. राजा राजेंद्र मल्लिक<br>✘ B. बंकिम चंद्र चटर्जी<br>✘ C. केशव चंद्र सेन<br>✘ D. दादाभाई नौरोजी | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.38 | एक निश्चित संख्या में व्यक्ति उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। E पंक्ति के बाएं छोर पर बैठा है। E और F के बीच केवल सात व्यक्ति बैठे हैं। A, F के दाएं तीसरे स्थान पर है। C और B के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। E और F के ठीक बीच में C बैठा है। B और D के बीच केवल चार व्यक्ति बैठे हैं। D किसी एक छोर पर बैठा है। पंक्ति में बैठे व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है? | |
| Ans | ✔ A. 15<br>✘ B. 12<br>✘ C. 10<br>✘ D. 8 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.39 | कौन-सा एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर, यूज़र्स को डेटा में किए गए परिवर्तन के परिणाम को त्वरित रूप से देखने की सुविधा प्रदान करता है? | |
| Ans | ✘ A. डेटाबेस सॉफ्टवेयर (Database software)<br>✔ B. स्प्रेडशीट (Spreadsheet)<br>✘ C. प्रेजेंटेशन टूल (Presentation tool)<br>✘ D. वर्ड प्रोसेसर (Word processor) | |

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.40** यदि $10\sin A + \cos A = \sqrt{6}\sin A$ है, तो $\tan A$ का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $\frac{-10-\sqrt{6}}{99}$
- ✓ B. $\frac{-10-\sqrt{6}}{94}$
- ✗ C. $\frac{-11-\sqrt{6}}{96}$
- ✗ D. $\frac{-10-\sqrt{6}}{96}$

**Q.41** अक्टूबर 2025 में नागपुर में आयोजित कोल इंडिया इंटर-कंपनी पावरलिफ्टिंग, वेटलिफ्टिंग और बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप 2025-26 में किस टीम ने समग्र चैंपियनशिप का खिताब जीता?

**Ans**
- ✗ A. SECL
- ✗ B. SCCL
- ✗ C. MCL
- ✓ D. WCL

**Q.42** विश्व के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में उपजाऊ मैदानों, औद्योगीकरण और शहरी विकास के कारण जनसंख्या घनत्व उच्चतम है?

**Ans**
- ✗ A. ग्रीनलैंड
- ✗ B. सहारा मरुस्थल
- ✓ C. दक्षिण और पूर्वी एशिया
- ✗ D. अमेज़न बेसिन

**Q.43** ₹3059 की धनराशि को तीन भागों में इस प्रकार विभाजित किया जाता है कि पहले भाग का $\frac{1}{2}$, दूसरे भाग का $\frac{1}{4}$ और तीसरे भाग का $\frac{1}{8}$ बराबर हो। तीसरे भाग का मान (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 1848
- ✗ B. 1548
- ✗ C. 1948
- ✓ D. 1748

**Q.44** V, U, T, O, N, M और L में से प्रत्येक का जन्म, जनवरी से शुरू होकर दिसंबर में समाप्त होने वाले एक ही वर्ष के विभिन्न महीनों अर्थात् जनवरी, मार्च, मई, जून, जुलाई, सितंबर और दिसंबर में हुआ था।
M से बड़े केवल दो व्यक्ति हैं। L और M के बीच केवल दो व्यक्तियों का जन्म हुआ था। O से बड़ा केवल U है। T, N से बड़ा है लेकिन V से छोटा है।
T और U के बीच कितने व्यक्तियों का जन्म हुआ?

**Ans**
- ✗ A. एक
- ✓ B. तीन
- ✗ C. दो
- ✗ D. चार

**Q.45** एक बाह्य बिंदु Q से केंद्र O वाले एक वृत्त पर दो स्पर्श रेखाएँ PQ और QR खींची जाती हैं। यदि OQ = 41 cm, $\angle PQR = 60°$ और वृत्त की त्रिज्या 9 cm है, तो $\triangle PRQ$ का परिमाप ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✓ A. 120 cm
- ✗ B. 95 cm
- ✗ C. 80 cm
- ✗ D. 135 cm

**Q.46** जलग्रहण क्षेत्र के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सी नदी भारत में सबसे बड़े अपवाह द्रोणी (drainage basin) का निर्माण करती है?

**Ans**
- ✗ A. नर्मदा
- ✗ B. गोदावरी
- ✓ C. गंगा
- ✗ D. कृष्णा

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.47** कौन-सी राशि उस दर का वर्णन करती है जिस पर एक निश्चित समयावधि में कार्य किया जाता है?

**Ans**
- ✗ A. ऊर्जा
- ✗ B. बल
- ✗ C. विस्थापन
- ✓ D. शक्ति

**Q.48** निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) Y 7 H # 4 B Q $ 3 L 9 @ N 8 X Z * & T 2 R (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक अक्षर भी है?

**Ans**
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✗ B. दो
- ✓ C. एक
- ✗ D. तीन

**Q.49** एक व्यक्ति स्थान P से स्थान Q तक एक वस्तु खरीदने के लिए यात्रा करता है, जिसकी कीमत P की तुलना में Q पर 15% कम है। वह यात्रा पर ₹150 खर्च करता है और फिर भी P पर वस्तु खरीदने की तुलना में ₹150 की बचत करता है। P की कीमत के सापेक्ष उसकी प्रतिशत बचत कितनी है?

**Ans**
- ✗ A. 4.5%
- ✗ B. 9%
- ✗ C. 3.5%
- ✓ D. 7.5%

**Q.50** भारत के आर्थिक सर्वेक्षण (2002-03) में 1991 के सुधारों के बाद वैश्वीकरण के प्रभाव पर चर्चा की गई है। जब कोई जिला नए उद्योगों को आकर्षित करना चाहता है, तो कौन सी रणनीति इस प्रभाव को सर्वोत्तम रूप से दर्शाती है?

**Ans**
- ✓ A. घरेलू-विदेशी संयुक्त उद्यमों को बढ़ावा देना
- ✗ B. औद्योगिक लाइसेंसिंग का विस्तार
- ✗ C. विदेशी वित्तीय संस्थानों पर प्रतिबंध लगाना
- ✗ D. कृषि सब्सिडी बढ़ाना

**Q.51** सम्राट अशोक के शिलालेख मुख्य रूप से निम्नलिखित में से किस लिपि में लिखे गए थे?

**Ans**
- ✗ A. देवनागरी
- ✓ B. ब्राह्मी
- ✗ C. खरोष्ठी
- ✗ D. गुप्त लिपि

**Q.52** निम्न आँकड़ों की माध्यिका ज्ञात कीजिए:
4, 6, 8, 10, 12, 14

**Ans**
- ✗ A. 11
- ✗ B. 10
- ✓ C. 9
- ✗ D. 8

**Q.53** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

KDW 25, NGZ 35, QJC 55, TMF 95, WPI 175, ?

**Ans**
- ✓ A. ZSL 335
- ✗ B. ZSG 335
- ✗ C. ZML 335
- ✗ D. LSL 335

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.54** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 9 का संबंध 117 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, 12 का संबंध 156 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 17 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएं, केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएं, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans**
- ✔ A. 221
- ✘ B. 186
- ✘ C. 201
- ✘ D. 197

---

**Q.55** शिवम ने 3 वर्षों के लिए साधारण ब्याज की एक निश्चित दर पर ₹30,000 उधार लिए। यदि उसने अवधि के अंत में x% की वार्षिक ब्याज दर से ₹4,500 ब्याज का भुगतान किया, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ A. 7
- ✘ B. 6
- ✘ C. 4
- ✔ D. 5

---

**Q.56** MS वर्ड 2021 में टेबल के सेलेक्टेड सेल्स के अंदर टेक्स्ट को वर्टिकली सेंटर में कैसे किया जा सकता है?

**Ans**
- ✘ A. Home tab > Paragraph group > Align Left
- ✘ B. Home tab > Paragraph group > Justify
- ✔ C. Right-click selection > Table Properties > Cell tab > Vertical alignment: Center
- ✘ D. Home tab > Paragraph group > Align Right

---

**Q.57** जून 2025 में, निम्नलिखित में से किसे भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी, रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (RAW) के सचिव के रूप में नियुक्त किया गया था?

**Ans**
- ✘ A. अरविंद कुमार
- ✔ B. पराग जैन
- ✘ C. रवि सिन्हा
- ✘ D. सामंत गोयल

---

**Q.58** यदि 12 मजदूर 18 दिनों में एक दीवार बना सकते हैं, तो 8 मजदूर इसे कितने दिनों में बना लेंगे?

**Ans**
- ✘ A. 30 दिन
- ✔ B. 27 दिन
- ✘ C. 36 दिन
- ✘ D. 32 दिन

---

**Q.59** एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A x B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है', और
A # B का अर्थ है 'A, B की पुत्री है'।
निम्नलिखित में से किसका अर्थ है कि Q, L की पत्नी की बहन है?
I. V % Q # K + Z – T x L
II. V + Q # K % Z – T + L
III. V # K x Q % L + T # Z
IV. V + Q # G – Z % T + L

**Ans**
- ✘ A. केवल IV
- ✘ B. I और III दोनों
- ✔ C. केवल I
- ✘ D. II और IV दोनों

---

**Q.60** यदि (x + 3) और (x – 3) का माध्यानुपाती 4 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए; जबकि x > 0 है।

**Ans**
- ✘ A. 3
- ✔ B. 5
- ✘ C. 6
- ✘ D. 4

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.61** 19वीं शताब्दी के आरंभ में, केरल के वायनाड क्षेत्र की कृषि जनजाति द्वारा पहली बार ब्रिटिश कृषिभूमि-संबंधी शोषण के विरोध में 1812 में एक जनजातीय विद्रोह हुआ था। उस विद्रोह को किस नाम से जाना जाता है?

**Ans**
- ✗ A. कादर आदिवासी विद्रोह (Kadar Tribal Revolt)
- ✗ B. कुरुम्बा विद्रोह (Kurumba Uprising)
- ✗ C. कोया विप्लव (Koya Viplavam)
- ✓ D. कुरुचिया विद्रोह (Kurichiya Revolt)

**Q.62** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, किसी निश्चित तरीके से CM24 का संबंध HR26 से है। उसी तरीके से, AT15 का संबंध FY17 से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, CR12 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

**Ans**
- ✗ A. IV14
- ✗ B. HV14
- ✗ C. IW14
- ✓ D. HW14

**Q.63** मिश्रित आवर्ती दशमलव वाले x के लिए निम्नलिखित समीकरण को हल करें तथा उत्तर को साधारण भिन्न के रूप में व्यक्त करें।
3x + 2.3666... = 5.4666...

**Ans**
- ✗ A. $\frac{29}{31}$
- ✗ B. $\frac{31}{26}$
- ✗ C. $\frac{31}{20}$
- ✓ D. $\frac{31}{30}$

**Q.64** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

(बाएं) TON TAR DEV TAB (दाएं)

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार, दाएं से दूसरे शब्द के दूसरे अक्षर और बाएं से पहले शब्द के दूसरे अक्षर के बीच कितने अक्षर हैं?

**Ans**
- ✗ A. 8
- ✗ B. 6
- ✗ C. 7
- ✓ D. 9

**Q.65** यदि '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

35 + 10 × 2 − 15 ÷ 3 = ?

**Ans**
- ✗ A. 77
- ✗ B. 76
- ✗ C. 74
- ✓ D. 75

**Q.66** आंकड़ों के लिए माध्य के सापेक्ष माध्य विचलन ज्ञात कीजिए।

5, 10, 15, 20, 25

**Ans**
- ✓ A. 6
- ✗ B. 8
- ✗ C. 5
- ✗ D. 7

**Q.67** 10 ओम प्रतिरोध वाले एक तार को दो बराबर टुकड़ों में काटा जाता है। यदि इन टुकड़ों को समांतर क्रम में जोड़ा जाए, तो तुल्य प्रतिरोध कितना होगा?

**Ans**
- ✗ A. 10 ओम
- ✗ B. 5 ओम
- ✗ C. 20 ओम
- ✓ D. 2.5 ओम

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.68** उभयनिष्ठ केंद्र 'O' वाले दो संकेंद्री वृत्तों में, बाह्य वृत्त पर एक जीवा AB है, जो आंतरिक वृत्त को बिंदुओं C और D पर प्रतिच्छेद करती है। यदि केंद्र से जीवा की दूरी 3 cm है, बाह्य त्रिज्या 13 cm है और आंतरिक त्रिज्या 7 cm है, तो AC की लंबाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $4\sqrt{10}$
- ✗ B. $5\sqrt{10}$
- ✓ C. $2\sqrt{10}$
- ✗ D. $3\sqrt{10}$

**Q.69** भारत में बदलाव के लिए परमाणु ऊर्जा के सतत दोहन और विकास अधिनियम, 2025 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सा बोर्ड स्थापित किया जाएगा?

**Ans**
- ✓ A. परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड
- ✗ B. केंद्रीय विकिरण निगरानी बोर्ड
- ✗ C. परमाणु शक्ति विकास बोर्ड
- ✗ D. राष्ट्रीय परमाणु सुरक्षा बोर्ड

**Q.70** चोलों के अधीन स्थानीय स्वशासन व्यवस्था का सर्वोत्तम वर्णन निम्नलिखित में से किसमें मिलता है?

**Ans**
- ✗ A. हाथीगुम्फा अभिलेख
- ✗ B. ऐहोल अभिलेख
- ✗ C. इलाहाबाद स्तंभ अभिलेख
- ✓ D. उत्तरमेरूर अभिलेख

**Q.71** भारत के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, विशेष रूप से ग्राम, मध्यवर्ती और जिला स्तर पर पंचायतों के गठन का प्रावधान करता है?

**Ans**
- ✗ A. अनुच्छेद 243A
- ✗ B. अनुच्छेद 243H
- ✗ C. अनुच्छेद 243D
- ✓ D. अनुच्छेद 243B

**Q.72** निम्नलिखित में से कौन-सा अभिलक्षण, कोशिका विभाजन और कोशिका प्रकार्यों के संदर्भ में विभज्योतक ऊतक तथा अन्य पादप ऊतकों के मध्य सर्वोत्तम रूप से विभेदन करता है?

**Ans**
- ✗ A. कोशिकाएं महत्वपूर्ण पोषक तत्वों को संग्रहीत करती हैं और भंडार बनाए रखती हैं
- ✗ B. कोशिकाएं पादप की सतह पर एक सुरक्षात्मक आवरण बनाती हैं
- ✗ C. कोशिकाएं पूरे पादप में जल और खनिजों का परिवहन करती हैं
- ✓ D. कोशिकाएं सक्रिय रूप से विभाजित होती हैं और पादप की वृद्धि में योगदान देती हैं

**Q.73** चरमपंथी दृष्टिकोण, उदारवादी दृष्टिकोण से भिन्न था क्योंकि चरमपंथियों ने ____ ।

**Ans**
- ✓ A. बड़े पैमाने पर भागीदारी और प्रत्यक्ष राजनीतिक आंदोलन पर बल दिया
- ✗ B. स्वराज के एकमात्र मार्ग के तौर पर प्रशासनिक सुधारों को प्रोत्साहित किया
- ✗ C. जन-कल्याण के लिए राष्ट्रीय आर्थिक नीतियों के उपयोग का विरोध किया
- ✗ D. सरकार के साथ विशेष संवैधानिक वार्ता की वकालत की

**Q.74** किस नृत्य शैली को पहले सामान्य नाम 'यक्षगान' से जाना जाता था?

**Ans**
- ✗ A. मोहिनीअट्टम
- ✗ B. भरतनाटयम
- ✓ C. कुचिपुड़ी
- ✗ D. कथक

**Q.75** एक डिब्बा जो प्रारंभ में विरामावस्था में है, उसे दाईं ओर 30 N के बल के साथ धकेला जाता है, जबकि घर्षण के कारण 30 N का बल बाईं ओर लगता है। डिब्बे की गति पर क्या प्रभाव होगा?

**Ans**
- ✓ A. डिब्बा विरामावस्था में रहेगा
- ✗ B. डिब्बा धीमा हो जाएगा और रुक जाएगा
- ✗ C. डिब्बा दाईं ओर त्वरित होगा
- ✗ D. डिब्बा विपरीत दिशा में गतिमान होगा

Q.76 यदि किसी संख्या के 40% को 240 में जोड़ा जाता है, तो परिणाम के रूप में वही संख्या प्राप्त होती है। उस संख्या के 50% का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 220
- ✗ B. 440
- ✓ C. 200
- ✗ D. 300

Q.77 A, B, C, M, N और O में से प्रत्येक के अंक अलग-अलग हैं। केवल दो व्यक्तियों के अंक B से कम हैं। C के अंक M से ठीक अधिक हैं। केवल दो व्यक्तियों के अंक M और O के बीच हैं। A के अंक N से अधिक हैं। किसी के भी अंक O से कम नहीं हैं। N से अधिक अंक कितने व्यक्तियों के हैं?

Ans
- ✓ A. चार
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✗ D. दो

Q.78 A और B मिलकर किसी कार्य को 35 दिनों में पूरा करते हैं। यदि A अकेले उस कार्य को 60 दिनों में कर सकता है, तो B अकेले समान कार्य का एक-तिहाई भाग ___________ दिनों में कर सकता है।

Ans
- ✗ A. 42
- ✗ B. 84
- ✓ C. 28
- ✗ D. 36

Q.79 ΔABC का शीर्ष C (x, y) ज्ञात कीजिए, जिसके अन्य शीर्ष, A(1, 5) और B(4, 7) हैं और केंद्रक D(4, 5) है।

Ans
- ✗ A. C (7, 4)
- ✗ B. C (3, 6)
- ✓ C. C (7, 3)
- ✗ D. C (6, 3)

Q.80 22 सितंबर 2025 को पेरिस में आयोजित समारोह में किस खिलाड़ी ने 2025 बैलन डी'ओर (पुरुष वर्ग) पुरस्कार जीता?

Ans
- ✗ A. जूड बेलिंगहैम (Jude Bellingham)
- ✗ B. कीलियन एम्बाप्पे (Kylian Mbappé)
- ✗ C. एर्लिंग हालैंड (Erling Haaland)
- ✓ D. उस्मान डेम्बेले (Ousmane Dembélé)

Q.81 A, B, C, D, S, T और U में से प्रत्येक का जन्म जनवरी से शुरू होकर दिसंबर में समाप्त होने वाले एक ही वर्ष के विभिन्न महीनों अर्थात् जनवरी, फरवरी, अप्रैल, मई, जून, सितंबर और दिसंबर में हुआ था। D का जन्म जून में हुआ था। B से छोटा केवल S है। C, T से बड़ा लेकिन A से छोटा है। U का जन्म फरवरी में हुआ था। B और A के बीच कितने व्यक्तियों का जन्म हुआ था?

Ans
- ✓ A. चार
- ✗ B. तीन
- ✗ C. एक
- ✗ D. दो

Q.82 प्राथमिक घाटा, राजकोषीय घाटा में से _______ को घटाने पर प्राप्त होता है।

Ans
- ✓ A. ब्याज भुगतान
- ✗ B. ऋणादान
- ✗ C. पूंजीगत व्यय
- ✗ D. राजस्व घाटा

Q.83 Δ XYZ में, XT, ∠X का समद्विभाजक है जो भुजा YZ को T पर मिलता है। यदि XY = 5.6 cm, YZ = 6 cm और YT = 3.2 cm है, तो XZ ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 4.9 cm
- ✗ B. 6 cm
- ✗ C. 5.4 cm
- ✗ D. 4.2 cm

Q.84 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है। (सभी संख्याएं केवल एकल-अंकीय संख्याएं हैं।)

(बाएं) S R E S 2 U ^ $ + X B 7 N M 7 4 C Z 5 @ U 4 D / (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans
- ✗ A. एक भी नहीं
- ✓ B. एक
- ✗ C. दो
- ✗ D. तीन

Q.85 ओमैरा बिंदु F से चलना शुरू करती है और दक्षिण की ओर 45 m चलती है। वह बाएं मुड़ती है और 30 m चलती है और फिर बाएं मुड़ती है और 20 m चलती है तथा बिंदु C पर पहुँचकर रुक जाती है। अंजन बिंदु Q से चलना शुरू करता है, जो बिंदु C से उत्तर की ओर 15 m की दूरी पर स्थित है। वह पूर्व की ओर 30 m चलता है फिर बाएं मुड़ता है और 10 m चलकर बिंदु U पर रुक जाता है। बिंदु F और बिंदु U के बीच न्यूनतम दूरी कितनी है? (सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans
- ✗ A. 75 m
- ✓ B. 60 m
- ✗ C. 25 m
- ✗ D. 35 m

Q.86 कोई राशि एक निश्चित चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 7 वर्षों में स्वयं की तीन गुनी हो जाती है, जबकि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है। कितने वर्षों में यह राशि स्वयं की 27 गुनी हो जाएगी?

Ans
- ✓ A. 21 वर्ष
- ✗ B. 11 वर्ष
- ✗ C. 31 वर्ष
- ✗ D. 23 वर्ष

Q.87 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की गई है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके तीसरी संख्या प्राप्त की गई है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएँ प्राप्त की गई हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में वर्णित संक्रियाओं के समान संक्रियाओं का अनुसरण करता है?
(नोट: दो/तीन अंकों वाली संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3 + 7 नहीं हो सकती है, क्योंकि दो अंकों वाली संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है)
5 – 5 – 25 - 125;
4 – 4 – 16 – 64

Ans
- ✗ A. 7 – 7 – 49 – 94
- ✗ B. 8 – 8 – 64 – 520
- ✓ C. 6 – 6 – 36 – 216
- ✗ D. 3 – 3 – 9 – 36

Q.88 इस प्रश्न में, नीचे दिए गए कूटों और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार संख्या/प्रतीक के एक समूह को अक्षर कूटों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। शर्तों का अनुसरण करने वाला कूटों का सही संयोजन ही आपका उत्तर है। यदि कोई भी शर्त अनुसरण नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के कूटों का सीधा उपयोग तालिका में दिए गए अनुसार ही किया जाना है।

| संख्या/प्रतीक | 3 | $ | 5 | 1 | @ | % | 2 | & | + | 7 | # | 8 | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | W | I | D | M | O | H | Z | T | G | S | U | E | X | V |

शर्तें:
(i) यदि पहला और अंतिम दोनों ही अवयव प्रतीक हैं, तो इन दोनों (पहले और अंतिम अवयव) के कूटों को परस्पर बदल दिया जाना चाहिए।
(ii) यदि पहला अवयव एक विषम संख्या है और अंतिम अवयव एक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम दोनों अवयवों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों ही अवयव पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे अवयव को दूसरे अवयव के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

निम्नलिखित संख्या-प्रतीक समूह के लिए कूट क्या है?
3 % @ 1 4

Ans
- ✓ A. © H O M ©
- ✗ B. W H O M X
- ✗ C. © M O H ©
- ✗ D. W M O H ©

**Q.89** अम्लीय विलयनों में विद्युत धारा का प्रवाह, _______ के कारण होता है।

**Ans**
- ✗ A. निर्मित गैस के बुलबुलों
- ✗ B. विलयन में उपस्थित धातुओं
- ✓ C. विलयन में उपस्थित आयनों
- ✗ D. केवल उदासीन अणुओं

**Q.90** अमित भूमि पर खड़ा है और 100 m लंबी डोरी का उपयोग करके 30° के उन्नयन कोण पर पतंग उड़ा रहा है। नितिन 10 m ऊंची इमारत की छत पर खड़ा है और 45° के उन्नयन कोण पर अपनी पतंग उड़ा रहा है। दोनों लड़के उस बिंदु की विपरीत पक्षों पर खड़े हैं जहाँ पतंगें मिलती हैं। नितिन को कितनी लंबी डोरी (m में) का उपयोग करना चाहिए ताकि दोनों पतंगें एक ही बिंदु पर मिलें?

**Ans**
- ✓ A. $40\sqrt{2}$
- ✗ B. $50\sqrt{3}$
- ✗ C. $50\sqrt{2}$
- ✗ D. $40\sqrt{3}$

**Q.91** यदि ग्राहक किसी उत्पाद की 100 से अधिक यूनिट्स खरीदता है, तो एक थोक विक्रेता कुल खरीद पर 2% की स्कीम छूट प्रदान करता है। यदि प्रति यूनिट मूल्य ₹20 है, तो ग्राहक द्वारा 150 यूनिट्स खरीदने पर कुल देय धनराशि ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. ₹2,980
- ✓ B. ₹2,940
- ✗ C. ₹3,000
- ✗ D. ₹3,020

**Q.92** यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा 'x' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

81 x 9 – 14 ÷ 2 + (60 x 6) ÷ 3 – 49 + 15 = ?

**Ans**
- ✗ A. 56
- ✗ B. 32
- ✓ C. 41
- ✗ D. 64

**Q.93** सुशांत और वरुण 400 मीटर के वृत्ताकार ट्रैक पर दौड़ रहे हैं। सुशांत एक चक्कर 100 सेकंड में पूरा करता है, और वरुण एक चक्कर 80 सेकंड में पूरा करता है। वे समान बिंदु से एक साथ शुरू करते हैं और विपरीत दिशाओं में दौड़ते हैं। प्रारंभिक बिंदु पर एक साथ वापस लौटने से पूर्व वे कितनी बार मिलते हैं?

**Ans**
- ✗ A. 10
- ✗ B. 9
- ✗ C. 12
- ✓ D. 8

**Q.94** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आएगा?

111, 223, 449, 903, 1813, ?

**Ans**
- ✓ A. 3635
- ✗ B. 3036
- ✗ C. 3630
- ✗ D. 3536

**Q.95** एक उपयोगकर्ता इंटरनेट के माध्यम से अपने किसी सहकर्मी को एक बड़ी फ़ाइल ट्रांसफर करना चाहता है। इस कार्य के लिए कौन-सी इंटरनेट सर्विस सबसे उपयुक्त होगी?

**Ans**
- ✗ A. ई-मेल (E-mail)
- ✗ B. इंस्टेंट मैसेजिंग (Instant Messaging)
- ✓ C. फ़ाइल ट्रांसफर प्रोटोकॉल (File Transfer Protocol-FTP)
- ✗ D. वर्ल्ड वाइड वेब (World Wide Web)

**Q.96** पंचायती राज व्यवस्था के किस स्तर पर मंडल या तालुका पंचायतें कार्य करती हैं?

**Ans**
- ✓ A. मध्यवर्ती स्तर
- ✗ B. ग्राम स्तर
- ✗ C. महानगर स्तर
- ✗ D. जिला स्तर

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.97 एक प्रश्न दिया गया है, जिसके बाद (I) और (II) के रूप में लेबल किए गए दो कथन दिए गए हैं। पहचान कीजिए कि इनमें से कौन-सा/से कथन प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है/हैं।

H, I, J, K और L में से, किसकी लंबाई सबसे अधिक है?

(I) J की लंबाई H और I से अधिक है लेकिन K से कम है।
(II) L की लंबाई K से कम है लेकिन J से अधिक है।

Ans
✗ A. संयुक्त रूप से कथन I और II दोनों प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं।
✓ B. संयुक्त रूप से कथन I और II दोनों (अकेले कथन 1 या अकेले कथन 2 नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं।
✗ C. कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।
✗ D. कथन II में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दी गई जानकारी अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है।

Q.98 एक विद्यार्थी किसी यौगिक को गर्म करता है और भूरे रंग के धूम के उत्सर्जन को देखता है। यह यौगिक संभवतः क्या था?

Ans
✗ A. NaCl
✗ B. $CaCO_3$
✓ C. $Pb(NO_3)_2$
✗ D. AgCl

Q.99 यदि 'P' का अर्थ '×' है, 'Q' का अर्थ '÷' है, 'R' का अर्थ '-' है और 'S' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?

(42 Q 6) P 5 S 7 P 11 R (64 Q 8) P 2 R 5 P 6 = ?

Ans
✗ A. 54
✗ B. 62
✗ C. 42
✓ D. 66

Q.100 भौगोलिक शब्दावली में अक्षांश और देशांतर को आमतौर पर क्या कहा जाता है?

Ans
✓ A. भौगोलिक निर्देशांक
✗ B. ग्रह चिह्न
✗ C. वैश्विक विभाजन
✗ D. भौगोलिक सीमाएं

Q.101 एक समांतर चतुर्भुज का आधार उसकी ऊँचाई का तीन गुना है। यदि समांतर चतुर्भुज का क्षेत्रफल 216 $cm^2$ है, तो उसकी ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. $7\sqrt{2}$ cm
✓ B. $6\sqrt{2}$ cm
✗ C. $5\sqrt{2}$ cm
✗ D. $8\sqrt{2}$ cm

Q.102 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन-अंकीय पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएँ) 715 438 961 127 821 (दाएँ)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएँ बाएँ से दाएँ की जानी हैं।

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
✗ A. 6
✗ B. 10
✗ C. 9
✓ D. 3

Q.103 चार-अंकों की वह सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिसे 8, 7 और 11 से विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 4 प्राप्त हो।

Ans
✓ A. 9860
✗ B. 9624
✗ C. 9956
✗ D. 9811

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.104** महाराष्ट्र का निम्नलिखित में से कौन-सा द्वीप एक यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल (UNESCO World Heritage site) है जो अपनी प्राचीन गुफाओं और 5वीं शताब्दी की मूर्तियों के लिए जाना जाता है?

**Ans**
- ✗ A. बुचर द्वीप (Butcher Island)
- ✗ B. खांदेरी द्वीप (Khanderi Island)
- ✗ C. साल्सेट द्वीप (Salsette Island)
- ✓ D. एलिफेंटा द्वीप (Elephanta Island)

**Q.105** H, I, J, K, U, V, W और X एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। उनमें से चार कोनों पर बैठे हैं, जबकि चार भुजाओं के ठीक मध्य में बैठे हैं।
J और W के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। J किसी भी कोने पर नहीं बैठा है। I, W के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। H, J के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है। V, W और H दोनों का निकटतम पड़ोसी है। U, J का निकटतम पड़ोसी है। X, W के बाएं दूसरे स्थान पर बैठा है।
K के बाएं ओर से गिनने पर, K और H के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
- ✗ A. तीन
- ✓ B. चार
- ✗ C. एक
- ✗ D. दो

**Q.106** परमाणु संकेतन में प्रतीक Z किसको संदर्भित करता है?

**Ans**
- ✗ A. न्यूट्रॉन संख्या
- ✗ B. द्रव्यमान संख्या
- ✗ C. आवेश
- ✓ D. परमाणु क्रमांक

**Q.107** राहुल की आयु और उसके पुत्र की आयु का अनुपात 7 : 2 है। यदि राहुल की आयु 49 वर्ष है, तो उसके पुत्र की आयु कितनी है?

**Ans**
- ✗ A. 13 वर्ष
- ✓ B. 14 वर्ष
- ✗ C. 15 वर्ष
- ✗ D. 12 वर्ष

**Q.108** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 75(3) के अंतर्गत कौन-सा निकाय सामूहिक रूप से लोक सभा के प्रति उत्तरदायी है?

**Ans**
- ✗ A. भारत का सर्वोच्च न्यायालय
- ✓ B. मंत्रिपरिषद
- ✗ C. राज्यसभा
- ✗ D. भारत का वित्त आयोग

**Q.109** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

$108 \times 4 - 13 + 4 \div 7 = ?$

**Ans**
- ✗ A. 16
- ✓ B. 12
- ✗ C. 10
- ✗ D. 14

**Q.110** 750 मीटर की रैखिक दौड़ में, X, Y को 10 मीटर से हरा सकता है। 444 मीटर की दौड़ में, Y, Z को 6 मीटर से हरा सकता है। 150 मीटर की दौड़ में, X, Z को कितने मीटर से हराएगा?

**Ans**
- ✗ A. 6
- ✗ B. 2
- ✓ C. 4
- ✗ D. 3

**Q.111** भारत में खनिज संसाधन परियोजनाओं तथा उनके स्थानों के निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सुमेलित है?

**Ans**
- ✗ A. नेयवेली लिग्नाइट परियोजना – पंजाब
- ✗ B. कोरबा कोयला क्षेत्र – राजस्थान
- ✗ C. रानीगंज कोयला क्षेत्र – गुजरात
- ✓ D. कुद्रेमुख लौह अयस्क परियोजना – कर्नाटक

**Q.112** **P, Q, S, T, Y और Z में से प्रत्येक ने अलग-अलग अंक प्राप्त किए। केवल दो व्यक्तियों ने Y से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। केवल S ने P से कम अंक प्राप्त किए हैं। T ने Q से अधिक लेकिन Z से कम अंक प्राप्त किए हैं। कितने व्यक्तियों ने T से अधिक अंक प्राप्त किए हैं?**

**Ans**
- ✔ A. एक
- ✘ B. तीन
- ✘ C. चार
- ✘ D. दो

**Q.113** **निम्नलिखित में से कौन-सा मौलिक अधिकार केवल नागरिकों को उपलब्ध है, विदेशियों को नहीं?**

**Ans**
- ✘ A. प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का अधिकार
- ✘ B. विधि के समक्ष समानता का अधिकार
- ✔ C. वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार
- ✘ D. शोषण के विरुद्ध अधिकार

**Q.114** **सीक्रेट माउंटेन (Secret Mountain) एक मेटाह्यूमन डिजिटल बैंड है। इसकी परिकल्पना किसके द्वारा की गई थी?**

**Ans**
- ✘ A. अरिजीत सिंह
- ✔ B. ए.आर. रहमान
- ✘ C. शंकर महादेवन
- ✘ D. श्रेया घोषाल

**Q.115** **भारत में निम्नलिखित में से कौन-सा संरक्षण स्थल, एक-सींग वाले गैंडे के सफल संरक्षण के लिए प्रसिद्ध है?**

**Ans**
- ✘ A. गिर राष्ट्रीय उद्यान
- ✔ B. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान
- ✘ C. पेरियार वन्यजीव अभयारण्य
- ✘ D. साइलेंट वैली राष्ट्रीय उद्यान

**Q.116** **भारत में किस समिति ने तय ब्याज दरों से हटकर बाज़ार-निर्धारित दरों को अपनाने की अनुशंसा की थी?**

**Ans**
- ✔ A. नरसिम्हम समिति प्रथम (1991)
- ✘ B. केलकर समिति (2002)
- ✘ C. चेलैया समिति (1991)
- ✘ D. रंगराजन समिति (1997)

**Q.117** **यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?**

**24 C 16 D 8 A 4 B 2 = ?**

**Ans**
- ✘ A. 28
- ✘ B. 32
- ✔ C. 36
- ✘ D. 40

**Q.118** **आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस (IDDRR) 2025 किस थीम के अंतर्गत मनाया गया?**

**Ans**
- ✘ A. मिलकर समुदायों का पुनर्निर्माण (Rebuilding Communities Together)
- ✔ B. आपदाओं का नहीं, लचीलेपन का वित्तपोषण (Fund Resilience, Not Disasters)
- ✘ C. प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों का सुदृढ़ीकरण (Strengthening Early Warning Systems)
- ✘ D. सतत भविष्य में संनिवेशन (Investing in Sustainable Futures)

**Q.119** **अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन सा, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)**

**Ans**
- ✘ A. ORM
- ✔ B. LMK
- ✘ C. RUP
- ✘ D. GJE

Prepp
Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.120 MS पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन को PDF फॉर्मेट में कन्वर्ट करने का प्राथमिक लाभ क्या है?**

**Ans**

❌ A. कई सॉफ़्टवेयर ऐप्लिकेशन के साथ क्रॉस-प्लेटफ़ॉर्म एडिटिंग को एनेब्ल करता है

✅ B. पावर पॉइंट सॉफ़्टवेयर के बिना भी फ़ाइल के यूनिवर्सल व्यूइंग को सुनिश्चित करता है

❌ C. स्वतः ही डॉक्यूमेंट एन्क्रिप्शन और पासवर्ड प्रोटेक्शन अप्लाई करता है

❌ D. विज़ुअल क्वालिटी का अनुरक्षण करते हुए फ़ाइल के साइज़ को अर्थपूर्ण ढंग से रिड्यूस करता है

"

Prepp Your Personal Exam Guide